दिनांक 27.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने निगम सभागार में शाम 4 बजे जोन 04 शिवाजी नगर वार्ड के अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों, वार्ड के सुपरवाईजर, स्वच्छता निरीक्षक, सहायक स्वच्छता निरीक्षक की बैठक आयोजित की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री सुंदरानी ने कहा कि गीले कचरे एवं सुखे कचरे के निष्पादन के संबंध मे विस्तार पूर्व जानकारी दी गई ।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई एल यादव एवं जोन आयुक्त श्री संजय शर्मा की उपस्थिति में निगम सभागार में समस्त जोन के स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वास्थ्य अमले के कर्मचारी तथा निगम क्षेत्र के कबाड़ी के व्यवसाय करने वाले व्यापारियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्य रुप से व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि घर से निकलने वाले सुखे एवं गीले कचरे को पृथक–पृथक कर उपयोग में लाई जाती है गीले कचरे से निगम प्रशासन के द्वारा खाद का निर्माण किया जा रहा है इस संबंध में भी जानकारी दी गई। निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा व्यापारियों से अपील की गई कि प्रत्येक वार्ड में आप लोगों के द्वारा कबाड़ खरीदने का व्यवसाय किया जाता है घर से निकलने वाले सुखे कचरे को भी आप लोग खरीदें जिसके लिए निगम प्रशासन के द्वारा आप लोगों का पंजीयन किया जावेगा । जिसके लिए उपस्थित व्यवसायियों ने इस संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अपने सहमति प्रदान की साथ ही उपस्थित अनेक व्यवसायियो के द्वारा अपने सुझाव भी व्यक्त किये । व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत सुझाव पर भी निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अमल किये जाने की सहमति व्यक्त की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी